चार पीढ़ियों का संगम, छह पीढ़ियों की वंशावली से परिचय कराया

कोटा, (निसं)। कोटा में आयोजित एक अद्वितीय कार्यक्रम ने आदि गौड़ खरिया मिश्र ब्राह्मण परिवार के सदस्यों को एक छत के नीचे एकत्रित किया। इस भव्य स्नेह मिलन में चार पीढ़ियों का संगम देखने को मिला, जिसमें छह पीढ़ियों की विस्तृत वंशावली के माध्यम से परिजनों का परिचय कराया गया।

- सउदी अरब, आस्ट्रेलिया और सिंगापुर तक परिजनों से वर्चुअल संपर्क साधा
- 05 वर्ष की आयु से 75 वर्ष की आयु के सदस्य शामिल रहे

कोटा में ब्राह्मण परिवारों का स्नेह मिलन आयोजित हुआ।

75 वर्षीय सदस्य उमारानी शर्मा ने बताया कि देश के विभिन्न कोनों से आए 125 से अधिक सदस्यों ने इस मिलन को अविस्मरणीय बना दिया। बड़ौदा, जयपुर, चेन्नई, दिल्ली, झालावाड़ और बारां जैसे दूर-दराज के शहरों से परिवारजन कोटा पहुंचे। इतना ही नहीं, विदेशों में रह रहे परिजनों से वर्चुअल माध्यम से संपर्क साधा गया, सउदी अरब, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर तक परिजनो से वर्चअल संपर्क साधा जिससे वे भी इस पारिवारिक मिलन का हिस्सा बन सके।

इस मिलन समारोह में 05 वर्ष की आयु से 75 वर्ष की आयु के सदस्य शामिल रहे। संजय शर्मा और उर्मिला मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्वजों को याद करते हुए दीप ज्योति जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं, जिससे वातावरण भावुक हो उठा। इस मिलन की सबसे खास बात यह रही कि कई परिजन पहली बार एक-दूसरे से मिले।

यह क्षण सभी के लिए आत्मविभोर करने वाला था। सदस्य भावनाओं से ओत-प्रोत दिखे और एक-दूसरे से गले मिलकर अपनापन प्रकट किया। इस अवसर पर परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए और युवा पीढ़ी को परिवार की समृद्ध परंपराओं से अवगत कराया। कई पुरानी यादें ताजा हुईं और नए रिश्ते बने। यह स्नेह मिलन न केवल परिवार के सदस्यों के बीच एकता और प्रेम को मजबूत करने का एक सुंदर प्रयास साबित हुआ, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन गया। इस तरह के आयोजन परिवार की जड़ों को मजबूत करने और सांस्कृतिक विरासत को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह रहे उपस्थित:- आदि गौढ़ ब्राह्मण मिश्रा परिवार के सरोज शर्मा, ललित शर्मा, नवल मिश्रा, राहुल मिश्रा, आन्नद मिश्रा, महेन्द्र शर्मा, विक्रम शर्मा, अशोक शर्मा, शिवा व्यास, शुभ शर्मा, संजय गौड़, शिखा पंचोली, अजय व्यास, अनिता वशिष्ठ, गोविन्द शर्मा, गिरधर शर्मा अनिल शर्मा, सुमित, गीता देवी, सीमा शर्मा, संतोष, रश्मि मिथलेस, शशी शर्मा, जिय व्यास, प्रवीण शर्मा, गीतेश पंचोली, संजय मिश्रा, लीला, श्वेता सत्येन्द्र शर्मा, अमित, विभोर आदि सदस्यों सपरिवार उपस्थिति रहे और स्नेह का आदान-प्रदान किया।

चंबल नदी में युवती का शव मिला

कोटा, (निसं)। झालावाड़ निवासी 22 वर्षीय अंजली उर्फ निक्की का शव चंबल नदी में उतराता हुआ मिला है। नगर निगम के गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि गोताखोर टीम ने इस युवती के शव को चांदमारी बालाजी के नजदीक से रिकवर किया है।

बैराज से हजारों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के चलते काफी तेज बहाव नदी में था। इसी के चलते युवती काफी आगे बहाव में चली गई थी। नयापुरा थाने के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर कृष्ण गोपाल ने बताया कि मंगलवार सुबह 7 बजे के आसपास युवती चंबल नदी की बड़ी पुलिया पर देखी गई थी। इसके बाद कुछ लोगों ने चंबल नदी में लड़की के बहने की सूचना दी थी इस पर पुलिस और गोताखोर की टीम मौके पर पहुंची। बाद में इस युवती के शव को चंबल नदी से ही रिकवर किया गया।

पुलिया से करीब 2 किलोमीटर दूर उसका शव मिला है। युवती की पहचान 22 वर्षीय अंजली उर्फ निक्की के रूप में हुई है। वह खाई रोड स्थित अपने चाचा ओमप्रकाश के यहां पर आई थी। उसकी दादी की मौत कुछ दिन पहले हुई थी जिसकी गमी में शामिल होने के लिए युवती कोटा पहुंची हुई थी। मृतका के चाचा ओमप्रकाश मौके पर आ गए थे। अंजली के चाचा ओमप्रकाश का कहना है कि सुबह ही वह घर से बाहर निकल गई थी। इसके बाद उसकी काफी तलाश लोग कर रहे थे। बाद में किसी ने इस घटना की सूचना दी है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने डॉ. कलाम की जयंती मनाई

कोटा, (निसं)। भारत रत्न, मिसाइल मैन, भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शहर जिला कोटा द्वारा जी.एम.ए.प्लाजा सभागार में संगोष्ठी का आयोजन कर, पुष्पांजलि कर याद किया। इस अवसर पर समाज में अलग-अलग क्षेत्र में जहां विशेष उपलब्धियां प्राप्त की उन प्रतिभाओं को मंचस्थ पदाधिकारियों ने माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इकरा काजी, आदिल रजा, मोहम्मद जिया उद्दीन, योगेन्द्र राजपूत, मोहम्मद अरसद खान, मोहम्मद शफिल बेग, रूबिना काजी, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अली खान, अशमीना खान, मुजीब अली को माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राकेश जैन, मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा कोटा शहर सदस्यता अभियान प्रभारी ताज मोहम्मद, कोटा संभाग मीडिया प्रभारी अरविंद सिसोदिया, कार्यक्रम अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल मिर्जा मंचस्थ रहे। मंच संचालन मुजाहिद अंसारी ने किया एवं धन्यवाद महामंत्री मुन्ना खान किया।

सार-समाचार

वर्ल्ड एनाटॉमी डे पर लघुवार्ता का आयोजन

कोटा, (निसं)। शाइन इंडिया फाउंडेशन के जवाहर नगर स्थित कार्यालय पर विश्व शरीर रचना दिवस पर (वर्ल्ड एनाटॉमी डे), आधुनिक शरीर रचना विज्ञान के जनक, डॉ एंड्रियास वासेलियस की पुण्यतिथि पर, देहदान के विषय पर लघुवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के ज्योति मित्र, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। 16वीं शताब्दी में रहने वाले बेल्जियम के चिकित्सक और लेखक एंड्रियास वासेलियस को सम्मानित करने के लिए इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ एनाटोमिस्ट्स (आईएफएए) द्वारा घोषित किया गया था। उन्हें आधुनिक मानव शरीर रचना विज्ञान का संस्थापक माना जाता है, क्योंकि उन्होंने अब तक लिखी गई सबसे प्रसिद्ध शरीर रचना पुस्तक, डी ह्यूमनी कॉर्पोरिस फैब्रिका लिब्री सेप्टेम (मानव शरीर के कपड़े पर सात पुस्तकें) प्रकाशित की, जिसे फैब्रिका के नाम से जाना जाता है। यह मानव शरीर रचना विज्ञान पर बिल्कुल सटीक होने वाली पहली पुस्तक है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रमुख वक्ता डॉ.राम चौरसिया ने मानव शरीर की संरचना और कार्य, चिकित्सा शिक्षा में एनाटोमी का महत्व, स्वास्थ्य सेवाओं में एनाटोमी की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये।

अजमीढ़ जयंती समारोह प्रारंभ

छबड़ा (निसं)। मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा शरद पूर्णिमा पर महाराजा अजमीढ की जयंती के उपलक्ष में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ मंगलवार से हो गया है। जिला महामंत्री नरेंद्र सोनी के अनुसार मंगलवार को धर्मशाला में पेपर गेम 12 महीने के त्यौहार प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता, सब्जी की बंदरवाल बनाओ प्रतियोगिता व नवयुवक मंडल द्वारा रात्रि 8 बजे क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। बुधवार को खाना खजाना मेले का आयोजन किया जाएगा एवं गुरुवार दोपहर 2 बजे से राधाकृष्ण मंदिर से स्वर्णकार धर्मशाला तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यहां सामूहिक आरती के पश्चात अपना सनातन अपनी संस्कृति पर मंत्र प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ साथ स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। समाज अध्यक्ष बालकिशन सोनी, महिला मंडल अध्यक्ष रानी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सक्षम एवं उत्थान समिति अध्यक्ष कमलेश सोनी द्वारा बैठक आयोजित कर कार्यक्रमों की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

साढ़े ग्यारह हजार लीटर वॉश नष्ट

छबड़ा (निसं)। अवैध एवं नाजायज हथकढ़ के शराब के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी सहदेव सिंह रत्नू के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत छबडा स्थित गांव लक्ष्मीपुरा में आबकारी विभाग एवं पुलिस द्वारा मंगलवार को दबिश देकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए चार अभियोग दर्ज कर लगभग साढे इक्कीस लीटर नाजायज हथकढ कच्ची शराब बरामद कर 20 भट्टी एवं जमीन में गढे प्लास्टिक ड्रमों एवं सिन्टेक्सों में भरी लगभग साढे ग्यारह हजार लीटर वॉश मौके पर नष्ट की गई। कार्यवाही में प्रकाश देवडा आबकारी निरीक्षक छीपाबडौद, सुरेश प्रहराधिकारी अकलेरा, नारायण सिंह तोमर प्रहराधिकारी शाहबाद, प्रमोद सिंह प्रहराधिकारी बारां, मदनलाल मीणा प्रहराधिकारी छबडा, अमरसिंह जमादार रामगंजमण्डी एवं आबकारी जाप्ता रामगंजमण्डी, अकलेरा, बारां, शाहबाद, छबडा टीम व पुलिस थाना छबडा का जाप्ता सम्मिलित रहा।

डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जयंती मनाई

कोटा, (निसं)। प्रगति पब्लिक सी. सै स्कूल, पुलिस लाईन में महान वैज्ञानिक, भारत रत्न, मिसाईल मेन ऑफ इण्डिया एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती "विद्यार्थी दिवस" के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ के लिए मुख्य अतिथि के रूप में कालेज शिक्षा निदेशालय के पूर्व सहायक डॉ. रघुराज परिहार एवं राजकीय महाविद्यालय कोटा के रसायन विज्ञान के असि.प्रोफेसर डॉ. नितिन गुप्ता एवं प्रगति ग्रुप के चेयरमेन डॉ.जफर मोहम्मद ने डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की तस्वीर पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात् विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवनवर्तान्त को लघु नाटिका का जीवान्त मंचन प्रस्तुत किया व विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारां मनमोहक ग्रुप डांस कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

'संवेदकों के कारण कोटा उत्तर निगम की सफाई व्यवस्था बिगड़ रही'

- उपमहापौर व पार्षदों ने नगर निगम कोटा उत्तर आयुक्त को ज्ञापन दिया

कोटा, (निसं)। कोटा नगर निगम में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है जिससे शहर में कई जगह समय पर कचरा नहीं उठ रहा जो शहरवासियों के लिए मुसीबत बन गया है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

शहर में सुचारू रूप से सफाई व्यवस्थाए कराए जाने की मांग को लेकर नगर निगम कोटा उत्तर उप महापौर सोनू कुरैशी (फरीदुद्दीन सोनू कुरैशी) ने उत्तन निगम पार्षदों के साथ आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर ज्ञापन दिया और चर्चा की।

सोनू कुरैशी ने आयुक्त को अवगत कराया कि संवेदकों की मनमानी और लापरवाही के कारण कचरा समय पर नहीं उठ पा रहा। नगर निगम कोटा उत्तर के समस्त वार्डो में सफाई व्यवस्था बिगड गई है। जनप्रतिनिधियों व स्थानीय निवासियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से अवगत करवाया गया है, कि नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो रही है। चिन्हित कचरा पोईन्टों पर समय पर कचरा नहीं उठ रहा हैं, टीपर, ट्रोली संचालन का कार्य नहीं हो पा रहा हैं, वार्डो की सफाई कर्मचारी मुख्य मार्गो पर लगाए जा रहे है। जिससे वार्ड में नियमित सफाई नहीं हो रही है।

उप महापैर कुरैशी ने जनहित में नगर निगम कोटा उत्तर के समस्त वार्डो में सफाई कार्यों को सुचारू बनाने के लिए सम्बधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए तथा उक्त कि गई कार्यवाही से संवदेकों को भी अवगत कराए और उन्हें पाबंद करने की बात कही।

आयुक्त ने आश्वासन दिया और कहा कि उन्होंने हाली में पदभाद संभाला है और दशहरा मेला और दिवाली आ गई, लेकिन ऐसे समय में भी शीघ्र ही व्यवस्था दुरूस्त हो ऐसा प्रयास किया जाएगा। लोगों को किसी भी सूरत में परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संवेदक को सफाई नियमित कराए जाने के लिए पाबंद करेंगे और लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। कोटा उत्तर निगम में प्रोपर सिस्टम से सफाई व्यवस्था होगी और संवेदक (ठेकेदार) की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यदि समय रहते सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर पार्षद चेतना माथुर, निशा गौतम, उषा ठाकुर, अमरनाथ शर्मा, परवेज अख्तर (शिब्बू), गोपालदास सहित कई लोग उपस्थित थे।

यूरिया संकट के लिए रूस और यूक्रेन का युद्ध जिम्मेदार : केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी

कोटा, (निसं)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी मंगलवार को कोटा संभाग के दौरे पर रहे। उन्होंने यूरिया और डीएपी की कमी के लिए रूस यूक्रेन युद्ध को जिम्मेदार ठहराया।

मंत्री चौधरी ने यह भी दावा किया कि यह कमी केवल 5 दिन ही रहेगी। चौधरी ने सांगोद में किसान मोर्चा के कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में यूरिया और डीएपी का संकट चल रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही है। दोनों को बाहर से आयातित किया जाता है। रूस और यूक्रेन युद्ध की वजह से यह समस्या आ रही है। कृषि मंत्रालय और प्रधानमंत्री भी इस मामले में चिंतित है। दोनों यही चाहते हैं कि जल्द से जल्द किसानों तक डीएपी और यूरिया पर्याप्त मात्रा में पहुंचे। उन्होंने कहा कि हाड़ौती में यूरिया की ज्यादा जरूरत है। मंत्री चौधरी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नहीं होने के सवाल पर कहा कि एक-दो दिन में शुरू हो जाएगी। भारत सरकार ने सभी प्रदेशों को कह दिया है कि किसानों की उपज की खरीद और उसका भुगतान भी समय पर हो। राजस्थान की सरकार भी जल्दी खरीद शुरू करने वाली है। चौधरी ने कार्यक्रम में कहा कि 2014 से 2024 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साढ़े 10 साल का कार्यकाल देश के अन्नदाताओं के लिए बेहतर रहा है। इस तीसरे कार्यकाल में दायित्व संभालते ही उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि बढ़ाने के लिए अपनी कलम चलाई थी। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। जब तक अन्नदाता के घर पर खुशहाली और समृद्धि नहीं आएगी यह देश विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों की बेहतरी के लिए कार्य किया जा रहे हैं।

दशहरा मेले में हेल्थ एंड हेल्प सेंटर पर मिल रही मदद

कोटा, (निसं)। दशहरा मेले में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हो रहे हैं। शाम ढलने के साथ ही दशहरा मेले की रौनक बढ़ जाती है जो कि देर रात तक जारी रहती है। इस रौनक के दौरान आने वाली परेशानियों में ऑल स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी की पहल बहुत सहायक साबित हो रही है। सोसायटी द्वारा विजयश्री रंगमंच के नजदीक हेल्थ एंड हेल्थ सेंटर शुरू कर लोगों की सहायता की जा रही है। सोसायटी के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने बताया कि इस सेंटर का शुभारंभ संस्था के संरक्षक डॉ.नवीन माहेश्वरी द्वारा किया गया।

मेला दशहरा में सिंधी संगीत की खुशबू बिखरी

- जतिन उदासी के सिंधी कार्यक्रम में झूमने पर मजबूर

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय मेला दशहरा में सोमवार को विजयश्री रंगमंच पर सिंधी संगीत की खुशबू बिखरी। भारतीय गायक, संगीतज्ञ, गीतकार, कलाकार और अभिनेता जतिन उदासी और उनके बैंड की ओर से शानदार प्रस्तुतियां दी गई। सिन्धी कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी, ओम आडवाणी, गिरधारी लाल पंजवानी, बूंदी पालिका में नेता प्रतियक्ष मुकेश माधवानी, भाटिया एंड कंपनी के राम भाटिया, प्रेम भाटिया, मेला समिति सदस्य योगेंद्र शर्मा, विजय लक्ष्मी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम भाटिया ग्रुप द्वारा प्रायोजित तथा पूज्य सिंधी जनरल पंचायत कोटा के सौजन्य से आयोजित किया गया। जतिन उदासी ने कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल की आराधना से की। उन्होंने 'गुलाब जो आहे गुल नालो आहे ब्यूटीफुल.. लाल साई जो' गाकर की तो विजयश्री रंगमंच पर आयोलाल झूलेलाल गूंज उठा।

इसके बाद उन्होंने सिंधी गीत 'सिंधी अबाणी बोली, मीठड़ी अबाणी बोली..' गाकर सिंधीयत की महक बिखेरी। जतिन उदासी ने सिंधी गीत 'सिंधीय मे गालायो, पाण में गालायो गदजी गालायो' तथा 'जेको खटी आयो खैर सा, होय जमालो' गाकर झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने माताजी का गीत ठार माता ठार पहिंजे बचणन खे ठार' गया तो माता के जयकारे गूंज उठे। सिंधी संगीत संध्या में 'जी ले लालण, जीवे साइयां लाल कलंदर जीवे दम दमादम' गाया तो हर कोई झूम उठा। जतिन ने शनिवार की शाम की सिंधीयत के नाम लिखते हुए 'झूलेलाल जीवे साइयां' सुनाया तो आयोलाल झूलेलाल से मेला परिसर गूंज उठा। जतिन श्रोताओं से आयोलाल सभीचो कहकर स्वागत किया तो पांडाल झूलेलाल से गूंज उठा।

जतिन उदासी ने हिंदी के प्रसिद्ध भजनों को भी गाया। उन्होंने 'रघुपति राघव राजा राम गाया तो माहौल जय श्री राम से गूंज उठा। इसके बाद उन्होंने 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे। भारत का बच्चा-बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा मीठे रस से भरियो राधा रानी लागे तेरी चौखट पर चलकर आज चारों धाम आए हैं सरीखे भजनों की भी प्रस्तुति दी।

समर्थन मूल्य पर उड़द, सोयाबीन खरीद के लिए पंजीकरण शुरू

- खरीद व्यवस्थाओं, किसानों को सुविधाओं के संबंध में निर्देश दिए

कोटा, (निसं)। आगामी खरीफ सीजन वर्ष 2024-25 में कोटा जिले में समर्थन मूल्य पर उडद (7400 रू प्रति क्वि.) व सोयाबीन (4892 रू प्रति क्वि.) की खरीद के लिए पंजीकरण 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो गए हैं। खरीद की व्यवस्थाएं सुचारू रखने एवं किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राजफैड द्वारा दिये गए निर्देशों के हवाले से बताया कि जिलेवार उत्पादन अनुमान के आधार पर जिले में सोयाबीन के लिए 25 प्रतिशत (25 क्वि.) तथा उड़द के लिए 100 प्रतिशत खरीद की सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं मंडी प्रशासन उपलब्ध कराई जाएं। खरीद के दृष्टिगत महाप्रबंधक (वाणिज्य) राजफैड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए।

किसान जनआधार अपडेट कराएं:- उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां गोविंद प्रसाद लड्डा ने बताया कि कृषकों के ऑनलाईन पंजीयन 15 अक्टूबर से प्रारम्भ हो गए हैं। कृषक ई-मित्र के माध्यम से जनआधार में लिंक मोबाईल नं. पर प्राप्त ओ.टी.पी. से प्रात: 9 सायं 7 बजे तक पंजीयन करवा सकते हैं। कृषक की गिरदावरी जिस तहसील से संबंधित है डश्भ तहसील में जींस विक्रय के लिए पंजीयन कराएं। कृषक को पंजीयन से पूर्व जनआधार कार्ड में अपने बैंक खाते का नम्बर एवं आईएफएससी कोड को अद्यतन (अपडेट) करना होगा। पंजीयन आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के स्थान पर ओटीपी के माध्यम से होगा। कृषक पंजीयन से पूर्व अपने जनाधार कार्ड में मोबाईल नंबर आवश्यक रूप से लिंक कराएं। किसान हेल्प लाईन नम्बर 18001806001 पर किसी भी प्रकार की समस्या दर्ज करा सकते हैं।

पंजीयन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज:- पंजीयन के लिए कृषकों को जन आधार कार्ड, गिरदावरी लानी होगी। एक जन आधार कार्ड पर एक ही कृषक पंजीयन हो सकेगा। जन आधार कार्ड में अंकित नामों में से जिस नाम से गिरदावारी होगी, उसी नाम का पंजीयन हो सकेगा। ऑनलाइन गिरदावरी में पी-35 का क्रमांक एवं तिथि की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। ऑफलाइन गिरदावरी में पी-35 का क्रमांक एवं तिथि, पटवारी की मोहर एवं मोबाईल नम्बर अंकित करना अनिवार्य होगा। जन आधार कार्ड महिला मुखिया एवं गिरदावरी पति के नाम होने की स्थिति में पंजीयन स्वीकार किया जा सकेगा। जमाबन्दी के आधार पर पंजीयन स्वीकार्य नहीं होगा।

बैंक पास बुक विक्रय कृषि जिंस राशि का भुगतान ऑनलाईन प्रक्रिया के तहत जनआधार कार्ड में अद्यतन सीडेड बैंक खाते में किया जाएगा। यदि किसान किसी कारणवश निर्धारित तिथि को क्रय केंद्र पर अपनी जिंस का विक्रय नहीं कर पाता है तो वह 10 दिवस की अवधि में अपना जिंस कभी भी तुलवा सकता है। कृषक अपनी फसल साफ और सुखाकर निर्धारित मापदण्डानुसार केंद्र पर विक्रय के लिए लाएं।

बटाईदार की स्थिति में कृषि भूमि मालिक एवं बटाईदार के मध्य बुआई से पूर्व या बुआई अवधि (कृषि विभाग द्वारा जारी नोटीफिकेशन तिथि 30 सितम्बर 2024) के अनुसार उड़द के लिए जून 2024 से जुलाई 2024 तथा सोयाबीन के लिए मई 2024 से जुलाई 2024 के समय का अनुबंध मान्य होगा। भूमि मालिक की गिरदावरी तथा जन आधार कार्ड एवं बटाईदार का जन आधार कार्ड आवश्यक होगा। कृषि भूमि मालिक एवं कास्त करने वाले किसान के मध्य 100 रूपये के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबन्ध आवश्यक है। बुवाई अवधि के बाद का अनुबन्ध पंजीकरण के लिए स्वीकार नहीं होगा। बटाई अनुबन्ध को पंजीकरण के समय अपलोड करना आवश्यक होगा। भूमि मालिक व बटाईदार में से एक ही पंजीयन स्वीकार किया जाएगा।

ये हैं खरीद केंद्र:- तहसील लाडपुरा में कोटा क्रय विक्रय एवं भगवानपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति, तहसील सांगोद में सांगोद क्रय विक्रय सहकारी समिति एवं कुन्दनपुर ग्राम सेवा सहकारी समिति, तहसील खैराबाद में रामगंजमण्डी क्रय विक्रय, तहसील चेचट में चेचट ग्राम सेवा, तहसील दीगोद में सुल्तानपुर क्रय विक्रय तथा तहसील इटावा में इटावा क्रय विक्रय एंव खातोली ग्राम सेवा में सहित (5 क्रय विक्रय में एवं 4 ग्राम सेवा में सहकारी समिति) कुल 9-9 खरीद केंद्र स्थापित किये गये है।

सार-समाचार

इंडियन आईडल फेम पवनदीप और अरूणिता आवाज का जादू बिखेरेंगे

कोटा, (निसं)। 131वें राष्ट्रीय दशहरा मेला-2024 के अंतर्गत बुधवार को रात्रि 8.30 बजे विजयश्री रंगमंच पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम पवनदीप और अरूणिता देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। इससे पहले शाम 7 बजे मलखम्भ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। पवनदीप राजन इंडियन आईडल सीजन 12 के विजेता हैं। वहीं अरूणिता कांजीलाल इस शो में उपविजेता रह चुकी हैं। दोनों के कई वीडियो एल्बम जारी हुए हैं। दोनों साथ विदेशों में भी बड़ी संख्या में शो कर चुके हैं। पवनदीप राजन 2015 में द वॉयस ऑफ इंडिया रियलिटी शो के भी विनर रहे हैं। वहीं यूथ एंबेसडर ऑफ उत्तराखंड भी बनाए गए हैं। वह 13 देश तथा 14 राज्यों में 1200 से अधिक शो कर चुके हैं। इसके अलावा अरूणिता कांजीलाल सुपरस्टार सिंगर सीजन 2 रियलिटी शो की कैप्टन रही हैं। वे जी बांग्ला पर प्रसारित सारेगामापा लिटिल चैंप की विजेता रही और जी टीवी पर प्रसारित सारेगामापा लिटिल चैंप में थर्ड पोजिशन पर रही। अरूणिता लंदन में वैंबले एसएसई एरनेक शो में सबसे उम्र में परफॉर्म करने वाली पहली महिला बनी। उन्हें इंडियन आइडल में गोल्डन टिकट और गोल्डन माइक दिया गया था। अरूणिता का सत्यम शिवम सुंदरम गीत 63 मिलियन बार देखा जा चुका है।

अकलंक कॉलेज में रत्नमंडल का गठन

कोटा, (निसं)। अकलंक कॉलेज में रत्नमंडल की घोषणा एवं शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज तथा सचिव अनिमेष जैन द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन ने सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि रत्नमंडल का गठन महाविद्यालय के शैक्षणिक और सामाजिक ढांचे को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मंडल का उद्देश्य विद्यार्थियों को नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमताओं का विकास करने का अवसर प्रदान करना है। रत्नमंडल के सदस्य विद्यार्थियों के बीच समन्वय स्थापित करने और सामुदायिक संवेदनशीलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होने नए रत्नमण्डल को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि मंडल विद्यार्थियों को अपने सहपाठियों के साथ जुड़ने, विचार-विमर्श करने और सामूहिक रूप से समस्याओं का समाधान खोजने के लिए एक मंच प्रदान करें।

सारस्वत समाज का अन्नकूट 17 को

कोटा, (निसं)। सारस्वत ब्राह्मण हितकारी समिति की कार्यकारिणी की बैठक चतुर्भुज नाथ मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मुकेश सारस्वत ने की। यहां आगामी नवम्बर माह में होने वाले अन्नकूट महोत्सव सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की गई। मुकेश सारस्वत ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव 17 नवम्बर को होगा। इसमें अधिक से अधिक संख्या में समाजबंधुओं के शामिल होने की अपील की गई है। इसके साथ ही इस वर्ष समाज का अन्नकूट महोत्सव सारस्वत समाज के आराध्य स्थल केशवरायपाटन के गांव पादडा में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। मुकेश सारस्वत ने बताया कि कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति यह निर्णय लिया। पादडा गांव में सारस्वत समाज के कई पूजनीय स्थल हैं। इनमें बाबा नवल जी महाराज, सती माता मंदिर, रघुनाथ जी मंदिर और हनुमान जी मंदिर प्रमुख है। अन्नकूट का आयोजन हनुमान जी मंदिर परिसर में किया जाएगा।

मलखंभ पर आज योग क्रियाओं का प्रदर्शन होगा

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेला-2024 में रोजाना विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जिनमें प्रतियोगी दम दिखा रहे हैं। वहीं हुनर का प्रदर्शन भी कर रहे हैं। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि बुधवार को शाम 7 बजे विजयश्री रंगमंच पर मलखंभ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें खिलाड़ियों के द्वारा अद्भुद योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 18 अक्टूबर को हत्था माला प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें प्रतियोगी 85 किलो का हत्था उठाकर दम दिखाएंगे। मेले के दौरान महिलाओं के लिए भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 19 अक्टूबर को नगर निगम कार्यालय में रंगोली, मेहंदी और मांडणा प्रतियोगिता होगी। वहीं शाम को बेस्ट ब्राईडल मेकअप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 20 अक्टूबर को साफा प्रतियोगिता होगी।

एम.आई.एम.टी. के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप प्रोग्राम में चयन हुआ

कोटा, (निसं)। दादाबाड़ी स्थित मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों का "साईबर क्राइम ब्रांच" पुलिस मुख्यालय जयपुर मे इंटर्नशिप प्रोग्राम में चयन हुआ। चेयरमेन सुशील मोदी ने बताया कि यह इंटर्नशिप प्रोग्राम पुलिस मुख्यालय जयपुर की साईबर क्राईम ब्रांच द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है जिसमे विधार्थी साईबर क्राईम ब्रांच मे इन्टरनेट के माध्यम से होने वाले अपराध एवं उनको पकडने आदि के बारे मे विस्तृत आध्यान करेंगे। इस इंटर्नशिप की अवधि छह माह रहेगी। ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी ने बताया कि चयनित विधार्थी एमआईएमटी के एमसीए कोर्स के नियमित विधार्थी हिमानी केवट और अभिषेक ठाकुर हैं। चयनित विद्यार्थियों को पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा इंटर्नशिप भत्ता पंद्रह हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। एम. आई. एम. टी. के निदेशक डॉ.एन.के. जोशी जी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

विधायक संदीप शर्मा के जन्मदिन पर गणपति के भोग लगाकर की गौ सेवा

कोटा, (निसं)। ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर ऐसी वाले गणेशजी मन्दिर पर पूजा अर्चना कर लड्डू का भोग लगाकर गौ माता को चारा खिलाकर गौ सेवा करी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना को लेकर भगवान के समक्ष भजनों वह प्रार्थना प्रस्तुति करी। संयोजक अनिल तिवारी ने कहा कि संदीप शर्मा जी के धार्मिक यात्रा के दौरान ब्राह्मण कल्याण परिषद के सभी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ राजस्थान में मंत्री बनने के लिए भगवान से प्रार्थना करी। इस अवसर पर ब्रजराज गौतम, धर्मेंद्र दीक्षित, दिनेश शर्मा, रुद्रेश भारद्वाज, राकेश शर्मा, कुबेर शर्मा गोविंद शर्मा, नवल शर्मा, विनीत बाजपेई, नहुष व्यास, मनीष शर्मा अनिल शर्मा, विजय शर्मा, उत्तम शर्मा, प्रमोद शर्मा, नवनीत शर्मा आदि उपस्थित थे

आज से स्कूलों का समय बदलेगा

कोटा, (निसं)। प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में बुधवार से समय परिवर्तन किया जाएगा। शिक्षक संघ रेस्टा के जिलाध्यक्ष परमानन्द गोठवाल व बारां जिलाध्यक्ष गजराज सिंह मोठपुर ने बताया कि अंब स्कूल सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक लगेंगे। शिविरा पंचांग के अनुसार स्कूलों का शीतकालीन समय एक अक्टूबर से प्रभावी हो जाता है लेकिन इस बार एक अक्टूबर को तापमान अधिक रहने पर पंचांग में संशोधन कर ग्रीष्मकालीन की अवधि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी। शिक्षक संघ शिक्षक एलिमेंटरी सेकंडरी टीचर एसोसिएशन रेसटा ने इसकी मांग की थी। पिछले दिनों प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व शिक्षामंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन भेजा था जिसके चलते विभाग द्वारा समय परिवर्तन किया गया था।

विजयसिंह राजू कांग्रेस में शामिल

कोटा, (निसं)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव विजयसिंह राजू ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन कर ली। पूर्व मंत्री एवं कोटा उत्तर के विधायक शांति धारीवाल ने उन्हें माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। गौरतलब है कि पिछले पिछले विधानसभा चुनाव में कोटा की लाडपुरा विधानसभा सीट से काँग्रेस पार्टी के मजबूत दावेदार बनकर उभरे थे। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा में लगातार उनके साथ कई राज्यों में पैदल सफर तय किया था। इस दौरान राजस्थान युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यशवीर शूरा और राजस्थान युवा बोर्ड पूर्व वाईस चेयरमैन सुशील पारीक उपस्थित रहे।

हॉस्टल के पंखे तक पहुंचा सांप

कोटा, (निसं)। शहर के कई इलाकों से सांप निकलने की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं। ऐसा ही एक मामला न्यू राजीव गांधी नगर स्थित एक हॉस्टल में सामने आया जहां हॉस्टल के एक रूम में 6 फीट लंबा धामन प्रजाति का सांप पहुंच गया। यह सांप भी पंखे से लटका हुआ नजर आया। हॉस्टल के कमरे में सांप की खबर से हॉस्टल में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना स्नैक कैचर गोविंद शर्मा को दी गई और उन्होंने मौके पर पहुंचकर पंखे से लटके हुए सांप का रेस्क्यू किया।